देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 23 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए


**विचार-प्रवाह...**बढ़ा हुआ खतरा



# पेज थ्री


देहरादून, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2020




PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 18.0°

30636.57


2 कोरोना को वुहान की लैब में पैदा किया

7 ट्रेनिंग में दिख रहा था धोनी का दम


## संक्षिप्त समाचार

### 19 अप्रैल तक भारतीय सेना नहीं करेगी कोई मूवमेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने अपने कर्मियों और संरचनाओं को देश के दूसरे चरण के लॉकडाउन के अनुपालन में विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 3 मई तक लॉकडाउन के आदेश दिए हैं। सेना के अधिकारियों के मुताबिक सभी सैन्य प्रतिष्ठान, छावनी, गठन मुख्यालय और इकाइयां 19 अप्रैल तक सख्त आदेश श्नो मूवमेंटश का पालन करेंगे और केवल आवश्यक सेवाओं के प्रावधान से जुड़े कर्मियों को ही इस अवधि में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाएगी।

### सुको से लॉकडाउन के दौरान अनलिमिटेड कॉलिंग और फ्री डेटा की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वजह से देश में 3 मई तक जारी लॉकडाउन के बीच सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अनलिमिटेड कॉलिंग और फ्री डेटा की मांग की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार को निर्देश देने के लिए कहा गया है कि वह लॉकडाउन अवधि के दौरान ग्राहकों को पूरी तरह से मुफ्त और असीमित कॉलिंग और डेटा उपयोग की सुविधा प्रदान करें। अधिवक्ता मनोहर प्रताप द्वारा दायर याचिका में भारत सरकार से मुफ्त और असीमित कॉलिंग और डेटा उपयोग की सुविधा प्रदान करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

### हजारों चीनी पीपीई किट क्वॉलिटी चेक में फेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट की कमी की समस्या से कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। इस मामले से वाकिफ एक शख्स ने बताया कि चीन से आए इन अहम उपकरणों में से कई का इस्तेमाल नहीं हो रहा है क्योंकि वे भारत में हुई सुरक्षा जांच में फेल रहे।

# बस लॉकडाउन से नहीं हारेगा कोरोना

## राहुल गांधी ने कोरोना संकट को लेकर की वीडियो कॉन्फ्रेंस, दिए सवालों के जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी गुरुवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने जूम पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि देश में टेस्टिंग को बढ़ाने की जरूरत है।

राहुल ने कहा कि हम इस वक्त इमर्जेंसी सिचुएशन में हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर तरीके न अपनाकर, रणनीति के साथ काम करना होगा। चूंकि राहुल लगातार कोरोना पर ट्वीट करते रहे हैं इसलिए उनसे सवाल किया गया कि कोरोना वायरस से लड़ाई में पीएम नरेंद्र मोदी से सबसे बड़ी गलती क्या हुई है।

**केंद्र क्यों नहीं मान रहा विपक्ष के सुझाव?:** राहुल से पूछा गया कि विपक्ष लगातार सरकार को सुझाव दे रहा है। खुद राहुल भी कई मौकों पर सरकार को चेता चुके हैं मगर केंद्र सरकार उनके सुझाव नहीं मान रहे। क्या सरकार ऐसा इस वजह से नहीं कर रही कि कहीं कांग्रेस को क्रेडिट मिल जाए। जवाब में राहुल ने कहा कि मुझे कोई क्रेडिट नहीं चाहिए। मुझे बस हमारी जनता सुरक्षित रहे, हमें क्रेडिट से कोई फर्क नहीं पड़ता। जो भी लेना चाहे, ले ले। हमारा काम रचनात्मक सुझाव देने का है, सरकार ले चाहे ना ले।

**लॉकडाउन के बाद कैसी हो रणनीतिः** राहुल ने कहा कि लॉकडाउन के बाद की रणनीति पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने पूछा, टेस्टिंग, मेडिकल की रणनीति क्या होगी? पीएचसी हॉस्पिटल को कैसे तैयार करोगे? क्योंकि, लॉकडाउन के बाद बीमारी बढ़ेगी। एक्शन में देरी नहीं होनी चाहिए। मुझे दुख है कि गोदाम में रखा हुआ अनाज लोगों तक नहीं पहुंचा। एसएमईएस को मालूम हो जाना चाहिए था कि उनके लिए क्या किया जा रहा है।



### क्या है मोदी की सबसे बड़ी गलती?

एक पत्रकार ने राहुल से सवाल किया कि लॉकडाउन की प्लानिंग में प्रधानमंत्री मोदी से कहां कमी रह गई, वो कौन सी बड़ी गलती कर गए। इसके जवाब में राहुल ने कहा कि ये मैं आपको जिस दिन कोविड–19 को हिंदुस्तान ने हरा दिया, उस दिन बताऊंगा। आज मैं कंस्ट्रक्टिव एडवाइस देना चाहता हूं। मैं तूतू–मैंमैं में नहीं पड़ना चाहता।

### ये हैं राहुल गांधी के सुझाव

राहुल गांधी ने सरकार के सामने अपने सुझाव रखे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से दो मोर्चों पर जंग चल रही है– मेडिकल और आर्थिक। राहुल के मुताबिक, ष्खाने की कमी आएगी। गोदाम में स्टोरेज है। तो गरीबों को भोजन दीजिए। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, उनको भी इसमें शामिल कीजिए। खाद्य सुरक्षा का एक रास्ता तैयार कीजिए। न्याय योजना की तरह 20 प्रतिशत गरीब लोगों को सीधे पैसा दीजिए। क्योंकि गरीबों को दिक्कत हो रही है और होने वाली है। न्याय योजना की जगह कोई और नाम रख लीजिए। बेरोजगारी शुरू हो गई है और इसका बहुत बुरा रूप आने वाला है। रोजगार देने वाले एसएमईएस के लिए पैकेज तैयार कीजिए। बड़ी कंपनियों के लिए पैकेज तैयार कीजिए।

# पिज्जा डिलीवरी बॉय को कोरोना, 72 घर सील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■डायलिसिस के लिए गया था अस्पताल

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन को बढ़ाया गया है। इस दौरान, कुछ चीजों के लिए छूट दी गई है जिनमें से फूड डिलीवरी एक है। ऐसे में क्या डिलीवरी बॉयज से कोरोना वायरस फैलने का खतरा है? दिल्ली में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां पिज्जा डिलीवर करने वाला एक कर्मचारी कोविड–19 पॉजिटिव पाया गया है।

टेस्ट रिपोर्ट आते ही हड़कंप मच गया। उस डिलीवरी बॉय से ऑर्डर्स की डिटेल्स निकलवाई गईं। फिलहाज साउथ दिल्ली के 72 घरों में रहने वाले लोगों को क्वारंटीन में रखा गया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि उसके साथ के 17 और डिलीवरी बॉयज को इंस्टीट्यूशन क्वारंटीन में रखा गया है।

साउथ दिल्ली के जिलाधिकारी बीएम मिश्रा ने कहा कि प्रशासन ने उन 72 घरों में रहने वाले लोगों को क्वारंटीन में रहने को कहा है। हालांकि अभी तक इनमें से किसी का टेस्ट नहीं किया गया है। अगर किसी में लक्षण डेवलप होते हैं तो उसका टेस्ट कराया जाएगा। यह भी पता करने की कोशिश हो रही है कि इन 72 घरों के अलावा भी वघ्ह डिलीवरी बॉय किसी और के संपर्क में आया था या नहीं।

## 1489 मरीज इलाज के बाद हो चुके हैं स्वस्थ, अब तक 414 की मौत

# देश में कोरोना से 12,380 बीमार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बृहस्पतिवार को 414 हो गई और मामलों की संख्या बढ़कर 12,380 तक पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने हालांकि, बताया कि कोविड–19 के 10,477 मरीजों का अभी भी इलाज चल रहा है, जबकि 1,488 लोग ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है और एक विदेशी नागरिक अपने देश चला गया है। कुल मामलों में 76 विदेशी नागरिक शामिल हैं। मंत्रालय ने अपने अद्यतन आंकड़ों में कहा है कि बुधवार शाम से 22 मौतें हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक, इनमें से महाराष्ट्र में नौ, आंध्र प्रदेश में पांच, गुजरात में तीन, दिल्ली और तमिलनाडु में दो–दो और कर्नाटक में एक–एक मौत हुई है। अब तक कुल 414 मौतों में से, सबसे ज्यादा 187 मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं, इसके बाद मध्य प्रदेश में 53, गुजरात में 33, दिल्ली में 32 पर और तेलंगाना में 18 मौतें हुई हैं। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में 14–14 लोगों के मारे जाने की सूचना है। पंजाब में 13 मौतें हुई हैं जबकि कर्नाटक में 12 मौतें हुई हैं और उत्तर प्रदेश में 11 मौतें हुई हैं। पश्चिम बंगाल में सात मौतें दर्ज की गई हैं। जम्मू–कश्मीर में चार लोगों की जान चली गई है जबकि केरल, हरियाणा और राजस्थान में तीन–तीन मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मेघालय, बिहार, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और असम में एक–एक मौत हुई है।

हालांकि, बुधवार शाम तक विभिन्न राज्यों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के संकलन के आधार पर तैयार की गई पीटीआई की तालिका के मुताबिक, कोविड–19 के कम से कम 12,220 मामले दर्ज किए गए है और 417 मौतें हुई हैं। विभिन्न राज्यों द्वारा घोषित किए गए मौतों की संख्या और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों में अंतर रहता है, जो शायद राज्यों के मामलों की संख्या रिपोर्ट करने में प्रक्रियागत देरी के चलते ऐसा होता है।

### धारावी में कोरोना संक्रमितों की संख्या 71 पहुंची

मुंबई। मुंबई में लाखों की आबादी वाली घनी बस्ती धारावी में कोरोना संक्रमण अपने पैर पसारता ही जा रहा है। गुरुवार को यहां 11 नए केस सामने आने के साथ ही पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 71 पहुंच गई है। यहां कोरोना की वजह से अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। महाराष्ट्र में आज 165 नये मामलों के साथ कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 3,000 पार हो गई है। यहां 187 की मौत हो चुकी है।



सबसे ज्यादा केस महाराष्ट्र में, दूसरे नंबर पर दिल्ली

# कैसे लड़ रहे कोरोना से जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

आंकड़ों के साथ सरकार ने बताया, कैसे दूसरे देशों से आगे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा है कि कोरोना से निबटने के मुकाबले में अब तक विश्व के बाकी देशों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। सरकार से जुड़े उच्चपदस्थ्स सूत्रों ने गुरुवार को आंकड़ों के साथ रिकार्ड जारी कर बताया कि अब तक कोरोना से निबटने में सरकार ने कैसे कदम उठाए और उसका क्या असर दिखा। सरकार ने ऐसे समय में ये आंकड़े जारी किये जब विपक्ष खासकर कांग्रेस के राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे पर सवाल उठा रहे थे।

सरकार ने आंकड़े जारी कर चार पैमाने पर कोरोना संकट पर अमेरिका, ईटली, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इंगलैंड, आस्ट्रेलिया, जापान और कनाडा जैसे विकसित देशों से तुलना कर बताया कि भारत में कोरोना की स्थिति क्या है। इसमें बताया नये केस के दोगुना होने के मामले में भारत में सबसे अधिक दन लग रहे हैं।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in